# यूपी में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को दिया जा रहा बढ़ावा

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अधिक से अधिक इकाइयां लगाने के भरपूर प्रयास किये जा रहे हैं तथा इस क्षेत्र में विभाग द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन के तहत भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए निर्धारित 14 इन्क्यूबेशन सेन्टर व कामन फैसिलिटी सेन्टर की स्थापना कर दी गयी है जिनकी परियोजना लागत 47 करोड़ है। इसमें प्लाण्ट मशीनरी की आपूर्ति की जा रही है, इसके माध्यम से लगभग 15000 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परोक्ष व अपरोक्ष रूप से लाभान्वित किया जाएगा। अब तक 10 हजार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कार्यशील पूंजी एवं छोटे औजारों की खरीद के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य शहरी आजीविका मिशन को धनराशि 30 करोड़ रुपये की धनराशि की लिमिट प्रदान की गयी है। योजनान्तर्गत पीएम एफएमई के एमआईएस वेब पोर्टल पर 46897 उद्यमियों का पंजीकरण कराया गया है। पंजीकरण के सापेक्ष वेब पोर्टल पर अब तक 32176 आवेदन प्राप्त हुए और प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष बैंक द्वारा कुल 13933 परियोजनाओं के लिए ऋण स्वीकृत किया गया है। इस स्वीकृत इकाईयों को 3.10 लाख रुपये तक की अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना के तहत लगभग 1500 करोड़ का निवेश हुआ है और इस योजना के माध्यम से लगभग 01 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

